विवरण

औद्योगिक केन्द्र जहां नये एक्सचेंज खोले जाने हैं

1. फटटी कलां जिला रामपुर, 64 पी एमआईएलटी/128 पी सी- डॉट	96-97
2. पीपलसाना जिला नैनीताल, 64 पी एमआईएलटी/128 पी सी-डॉट	96-97
3. त्रिसुन्दी जिला सुल्तानपुर -वही-	-वही-
4. कौहन -वही- -वही-	-वही-
5. बंघारा जिला शाहजहांपुर 128 पी सी-डॉट	-वही-
6. शक्ति नगर जिला पिथौरागढ़ 128 पी सी-डॉट	-वही-

डाक सेवाओं में आधुनिक प्रौद्योगिकी

2644. **श्री आस मोहम्मद:**
चौधरी हरमोहन सिंह:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारत में डाक सेवाओं में आधुनिक तकनीकी का कम प्रयोग हो रहा है जबकि समूचे विश्व में आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है?

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) डाक सेवाओं में आधुनिक और नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) से (ग) डाक विभाग, डाक सेवाएं प्रदान करने में आधुनिक तकनीक अपनाने की नीति का निरंतर अनुसरण कर रहा है। मेल प्रोसेसिंग और वितरण में सुधार के साथ-साथ काउंटर सेवाएं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, डाक नेटवर्क के नियमित विस्तार, उपयुक्त परिवहन प्रणालियां अपनाकर, कार्यविधि को युक्तिसंगत बनाकर और बेहतर प्रबंध के जरिए प्रदान की जाती हैं। जिन स्थानों में डाक परियात का बहुत अधिक संकेन्द्रण है, वहां विभाग निम्नलिखित कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा का आधुनिकीकरण करने की नीति कार्यान्वित कर रहा है:—

कम्प्यूटर आधारित आधुनिक प्रौद्योगिकी की शुरूआत करके कार्यकुशल त्वरित और उत्तरदायी काउंटर सेवा प्रदान करना, यांत्रिक उपकरणों का उपयोग, कार्यविधि को युक्तिसंगत बनाना तथा उपभोक्ताओं की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई मूल्य वर्धित सेवाओं की शुरूआत। कर्मचारियों की संतुष्टि में वृद्धि तथा कार्य एवं शर्तों के अध्ययन से कार्यकुशलता बढ़ाना व कार्यस्थल का स्वच्छ एवं आत्मीय माहौल बनाकर ग्राहकों को अधिक सुविधा प्रदान करना।

वर्ष 1991-92 से डाकघर काउंटरों पर चरणबद्ध ढंग से कम्प्यूटर आधारित काउंटर मशीनें लगाना शुरू किया गया। और इस समय देश के 1000 से अधिक विभिन्न काउंटरों पर ऐसी मशीनें लगाई जा चुकी हैं। उत्कृष्टता पाकेट (पॉकेट ऑफ एक्सीलेंस) बनाने के लिए कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से चुने हुए महत्वपूर्ण डाकघरों का पूरी तरह आधुनिकीकरण करने के कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। ये पॉकेट्स आधुनिकीकरण के लिए मॉडल का काम करेंगे। अप्रैल, 1993 में बंबई में प्रथम ऑटोमैटिक मेल प्रोसेसिंग सेंटर की स्थापना के साथ ही मेल प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अत्यन्त विकसित टेक्नालॉजी की शुरूआत की गई है। ऐसी और मेल प्रोसेसिंग प्रणालियां देश के महत्वपूर्ण डाक संकेन्द्रण केन्द्रों में लगाने की योजना बनाई गई है।

सेटेलाइट चैनल के माध्यम से मनीआर्डर के त्वरित पारेषण के लिए एक प्रायोगिक योजना कार्यान्वयनाधीन है।

बचत बैंक और डाक जीवन बीमा कार्यों के लिए कम्प्यूटरीकरण की शुरूआत की गई है जिसमें इन सभी सेवाओं में कस्टमर इंटरफेस के मॉडर्नाइजेशन पर जोर दिया गया है।

कॉरपोरेट सेक्टर के लिए, धनराशि के त्वरित अंतरण की सुविधा प्रदान करने के प्रयोजन से कॉरपोरेट मनीआर्डर सेवा को अंतिम रूप दे दिया गया है। विशिष्ट व्यावसायिक संगठनों को प्रणालीबद्ध सेवा प्रदान करने वाली यह योजना, देश में विभिन्न स्थानों पर धनराशि शीघ्रता से भेजने की व्यापारी वर्ग की अपेक्षाओं को पूरा करेगी।

स्पीड पोस्ट सेवा में प्रचालन कार्य की कुशलता को बढ़ाने के लिए कम्प्यूटर आधारित टेक्नालॉजी की

शुरुआत करने के प्रयोजन से ट्रैक एण्ड ट्रेस सिस्टम की एक प्रायोगिक परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

आधुनिक सामग्री प्रबंध के लिए कम्प्यूटर टेक्नालॉजी की शुरुआत करने की एक प्रायोगिक परियोजना भी कार्यान्वयनाधीन है।

राष्ट्रीय राजधानी तथा महानगरों और राज्यों की राजधानियों के बीच पिन कोड अंकित डाक की भारी मात्रा के लिए शुरू किए गए मैट्रो चैनल और राजधानी चैनल के लिए कम्प्यूटरीकरण द्वारा एक प्रबंध सूचना प्रणाली का प्रयोग किया जा रहा है। ऐसी डाक को अब निश्चित और सुव्यवस्थित चैनलों के जरिए प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाता है और उसे उसके गंतव्य स्थान पर 24 से 48 घंटे के भीतर वितरित कर दिया जाता है।

Standard of Telephone Exchanges in Gujarat

2645. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the standard of telephone exchanges in Gujarat is lower than other States;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) the steps taken by Government to remove such a difference; and

(d) the number of modern and electronic telephone exchanges in Gujarat in comparison to other States?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

(d) The number of modern and electronic exchanges in Gujarat as on 31-3-94 is 1048 which works out to 83% of the total number of exchanges in the State as compared to the All-India percentage of 83.6%.

Amount to be given to M/s. Ashiana Construction Company

2646. SHRI M. MASUD KHAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that an amount of more than Rs. 4 lakhs is due to M/s. Ashiana Construction Company of Varanasi by Telephone Department of Agra Division for a long time for cable-lying work;

(b) if so, what are the details in this regard;

(c) why this amount has not been paid to the party; and

(d) by when payment will be made?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) No, Sir.

(b) Rs.2,48,000/- only is due to M/s. Ashiana Construction Company, Varanasi for laying Cables at Agra, bills for which were received by the TDM Agra on 16.2.94. However, an amount of Rs. 1,18,586/- is due to be recovered from the Company for damages caused to Departmental property.

(c) The Contractor has not settled the accounts of stores issued to him till now.

(d) The bills will be settled as soon as contractor settles the accounts of stores issued to him and after recovery for damaged property.

टेलीफोन बिलों की बकाया राशि

2647. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 1993-94 के दौरान टेलीफोन बिलों की बकाया राशि में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों की तुलना में इस राशि में कितनी वृद्धि हुई है;

(ग) बकाया राशि को वसूल करने के लिए क्या कार्यवाही की गयी है अथवा करने का विचार है; और

(घ) इस समय कितने मामलों में मुकदमा चल रहा है और इनमें कितनी धनराशि फंसी हुई है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी, हां,

(ख) पिछले 3 वर्षों की अवधि की तुलना में वर्ष